डा. नीरज बोरा
एम.बी.बी.एस., एम.बी.ए.
विधायक – 172– लखनऊ उत्तर
- सचेतक/सचिव, भाजपा विधानमंडल दल, उ.प्र.
- सदस्य, लोक लेखा समिति, विधान सभा, उ.प्र.
- सदस्य, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य स्थायी समिति, उ.प्र.
- सदस्य, यातायात स्थायी समिति, उ.प्र.
- सदस्य, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ

सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश

- सदस्य, राज्य सलाहकार बोर्ड, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ.प्र. शासन

क–7 No. 521235

दिनांक–24.10.2025

माननीय रक्षामंत्री जी,

महोदय,

कृपया श्री रूप कुमार शर्मा, अध्यक्ष, ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के संलग्न पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसके माध्यम से कुर्सी रोड पर उ0प्र0 सरकार द्वारा कुकरैल वन में नाइट सफारी व अन्य प्रस्तावित विकास परियोजना से भविष्य में होने वाले यातायात के दबाव का उल्लेख करते हुए कुर्सी रोड बेहटा से लेकर टेढ़ी पुलिया चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण कर 6 लेन कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः मेरा आपसे आग्रह है कि कृपया संलग्न पत्र के दृष्टिगत कुर्सी रोड बेहटा से लेकर टेढ़ी पुलिया चौराहे तक मार्ग को चौड़ीकरण करते हुए 6 लेन किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर,
भवदीय,

(डा. नीरज बोरा)
मो0–8887150972

प्रतिष्ठा में,

श्रद्धेय श्री राजनाथ सिंह जी,
मा0 रक्षामंत्री/सांसद,
भारत सरकार, नई दिल्ली।

प्रधान कार्यालय : सेवा अस्पताल परिसर, सेवा नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ – 226201
कार्यालय – 82–83, सेक्टर–डी, प्रियदर्शिनी कालोनी, सीतापुर रोड, लखनऊ – 226020
सम्पर्क : 7379172172 ई–मेल office.bora2@gmail.com, office.puraniabjp@gmail.com, drneerajbora@gmail.com

सेवा ही धर्म है

पंजी. संख्या - 4-449/2024

ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति

कार्यालय - 3/44, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

अध्यक्ष
रूप कुमार शर्मा
मो.- 9415001064,
8299605742

उपाध्यक्ष
रितेश श्रीवास्तव
मो.- 8858072000

महासचिव
विवेक शर्मा
मो.- 9415181099,
9918374222

कोषाध्यक्ष
सौरभ सिंह
मो.- 9335727850

अध्यक्षा
(महिला प्रकोष्ठ)
सुमन सिंह रावत
मो.- 8009199900

अध्यक्ष
(व्यापार मण्डल प्रकोष्ठ)
जितेन्द्र सिंह
मो.- 9838668806

सदस्य
सत्येन्द्र शर्मा
मो.- 8318492446,
9415781267

पत्र संख्या - ग्रे.ल.ज.म/2024/ दिनांक - 22/10/25.

सेवा मे,

डॉ नीरज बोरा जी
मा०विधायक (लखनऊ उत्तरी)
लखनऊ

कुर्सी रोड बेहटा से लेकर टेढ़ी पुलिया चौराहे तक सड़क को सिक्स लेन किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कुर्सी रोड बेहटा से लेकर टेढ़ी पुलिया चौराहे तक सड़क को सिक्स लेन किए जाने को लेकर पूर्व में एक पत्र प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री महोदय को भी ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति द्वारा प्रेषित किया जा चुका है।

श्रीमान जी कुर्सी रोड राज्य राजमार्ग को पी०सी०यू० (Passenger Car Unit) के मानक के अनुसार सड़क चौड़ीकरण के मानक सड़क की गति, यातायात की मात्रा, और आसपास के भूभाग के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। इसमें कैरिजवे की चौड़ाई का निर्धारण होता है, जो वाहन की चौड़ाई और आवश्यक निकासी के आधार पर होता है। तीव्र मोड़ों पर सुरक्षित मार्ग के लिए कैरिजवे को चौड़ा करना पड़ता है, जबकि आवासीय क्षेत्रों में दो व्हील चेयर पार करने के लिए पर्याप्त जगह देने के लिए फुटपाथ की चौड़ाई 1.8 मीटर और वाणिज्यिक क्षेत्रों में 2.5 मीटर न्यूनतम होनी चाहिए। वर्तमान में कुर्सी रोड चार लेन की है तथा अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुकरैल वन में भी नाइट सफारी प्रस्तावित है एवं अन्य विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य भी कुर्सी रोड पर प्रगति पर है। आने वाले समय में वाहनों की संख्या बढ़ेगी तथा सड़क पर भयंकर जाम की स्थिति भी उत्पन्न होगी।

फोर लेन (डिवाइडेड कैरिजवे) के अनुसार सड़क पी०सी०यू० (Passenger Car Unit)18000 से 35000 तक प्रतिदिन का है, किंतु राज्य राज मार्ग के कुर्सी रोड पर आज की तारीख में वाहनों का आवागमन प्रतिदिन लगभग 1 लाख से अधिक वाहन आवागमन का विभागीय आकलन ज्ञात हुआ है। इसलिए क्षेत्रवासियों को भविष्य में होने वाली जनसमस्या का पूर्व में ही व्यापक स्तर पर व्यवस्थित किया जाना हितकारी होगा तथा कुर्सी रोड का चौड़ीकरण कर सिक्स लेन किया जाना ज्यादा उचित होगा।

महोदय, उक्त जन समस्या के दृष्टिगत एक पत्र ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा तथा महासचिव विवेक शर्मा द्वारा माननीय राजनाथ सिंह (सांसद) जी के प्रतिनिधि श्री दिवाकर त्रिपाठी जी को पत्र सौंपा था साथ ही लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित "नागरिक सुविधा दिवस" पर नवागत मण्डलायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें कुर्सी रोड पर जाम की स्थिति से निजात पाने के लिए कुर्सी रोड को सिक्स लेन करने हेतु कार्यवाही करने की मांग की गई है, मण्डलायुक्त ने महासमिति की मांग स्वीकार कर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कुर्सी रोड को सिक्स लेन करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था।

अतः आपसे निवेदन है कि जनहित में महासमिति की मांग स्वीकार कर सक्षम विभागीय को कुर्सी रोड को सिक्स लेन करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। धन्यवाद।

भवदीय

(विवेक शर्मा)
महासचिव